कार्यवाही

## फर्जी पासपोर्ट से जुड़े दस्तावेजों को किया जब्त, कोर्ट में पेश कर 25 तक लिया रिमांड

# कोलकाता से 5 और अफगानियों को उठा लाई एटीएस

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय पासपोर्ट से जुड़े मामले में एटीएस ने पांच और अफगानियों को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपियों को कोलकाता से पकड़कर शहर लाया गया जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद 25 फरवरी तक रिमांड में लिया गया है । इसके साथ ही आरोपियों से फर्जीवाड़े से जुड़े अहम दस्तावेज जब्त किए गए है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है जिसमें नए खुलासे होन की उम्मीद है। फर्जीपासपोर्ट से जुड़े मामले में आरोपियों के अफगानी, पश्चिम बंगाल-तालीबानी, छत्तीसगढ़ मूवमेंट पर भी जांच चल रही है। जाली भारतीय पासपोर्ट बनाने के मामले में कई रडार में है। फर्जी दस्तावेज बनाकर देने के मामले की जांच में कई और नए चेहरे बेनकाब हो सकते है ।आरोपियों को रिमांड में




लेकर पूछताछ चल रही है।

### 2025 में एके 47, सोहबत से जुड़ी थी चैन

विदित हो कि एटीएस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाकर अवैध रूप से जबलपुर में रह रहे घुसपैठियों पर 31 जुलाई 2025 में एक्शन लेते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। घुसपैठियों के मूवमेंट का पर्दाफाश किया था। दस साल से जबलपुर में रहे अफगानियों को पकड़ा गया था जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाकर अवैध रूप से रहे थे। 2025 में एटीएस ने जबलपुर से अफगानी नागरिक सोहबत खान पिता बदरुद्दीन खान को गिरफ्तार किया था। सोहबत विगत लगभग 10 वर्षों से अवैध रूप से जबलपुर में रह रहा था इसके अलावा उसने स्थानीय महिला से निकाह भी कर लिया था। अफगानी नागरिक की एके 47 के साथ फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिसके बाद जांच पड़ताल के बाद अफगानी मूवमेंट निकला। सोहबत के पकड़े जाने के बाद आरोपियों की चैन लंबी हुई। कड़ियां जुड़ती गई और आरोपियों की संख्या बढ़ती गई थी।

### ये पूर्व में पकड़े गए थे

एटीएस को 20 अफगानी युवकों की जानकारी मिली थी। इसके बाद एटीएस ने अफगानी नागरिक मोहम्मद अकबर 53 वर्षीय, इकबाल पिता असलम खान 27 वर्ष समेत मददगार चंदन सिंह ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर निवासी शंकर शाह नगर रामपुर छापर समेत दिनेश गर्ग पिता श्रवण कुमार गर्ग, 40 वर्ष विजय नगर, महेंद्र कुमार निवासी कटंगा को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### अब इन्हें दबोचा गया

सूत्रों के मुताबिक एटीएस ने रजा खान, सुल्तान, जिया उल रहमान, सैयद मोहम्मद, जफर खान को कोलकाता से दबोचा है। आरोपी कई साल पहले अवैध रूप से भारत आए थे। इसके बाद कोलकाता में रह रहे थे।

### ऐसे करते थे फर्जीवाड़ा

आरोपित अफगानियों के फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनवाते थे। एटीएस की जांच में यह बात सामने आई कि दस्तावेज बनवाने से लेकर पुलिस वेरिफिकेशन करवाने एवं पोस्ट ऑफिस से पासपोर्ट हासिल करवाने के एवज में धन राशि दी गई है। एटीएस को भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए लगभग 10 लाख रुपये के लेन देन की जानकारी मिली। जिसमें वन विभाग के वनारक्षक और कलेक्ट्रेट में चुनाव सेल कार्य कर रहे दिनेश गर्ग और फर्जी अधिवक्ता चंदन सिंह की जाली दस्तावेजों को बनवाने से लेकर पाटसपोर्ट बनवाने में अहम भूमिका रही।

# 28 लाख की लागत से 2 आधुनिक प्रसाधन केंद्रों लोकार्पण

**महापौर, विधायक ने किया शुभारंभ**

**लार्डगंज के नागरिकों को मिली बड़ी सौगात**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वच्छता अभियान को नई गति देने की दिशा में नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जवाहरगंज वार्ड के लार्डगंज क्षेत्र के अंतर्गत 28 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 2 आधुनिक प्रसाधन केंद्रों का रविवार को भव्य लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इन केंद्रों को नागरिकों को समर्पित किया। यह पहल न केवल क्षेत्रीय जनता के लिए सुविधाजनक साबित होगी, बल्कि शहर की स्वच्छता रैंकिंग में भी सुधार लाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान महापौर और विधायक ने स्थानीय नागरिकों



को कहा कि शहर का विकास और नागरिकों की सुविधाओं में विस्तार हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य रजनी कैलाश साहू और विवेक राम सोनकर, पूर्व पार्षद चक्रेश नायक, अमित जैन, संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला , संभागीय यंत्री संदीप पांडे,सपन यादव, सुरेंद्र राठौर, शिव दुबे, प्रमोद पटेल, मंजेश जैन, मोनू साहू, आशीष, गुड्डू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाया गया प्रसाधन केंद्र

प्रसाधन केंद्रों को आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाया गया है, जिसमें स्वच्छता और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2026' के तहत शहर को ओडीएफ मानकों में शीर्ष पर बनाए रखना। लोकार्पण समारोह के दौरान महापौर अन्नू सिंह ने कहा, 'हमारा लक्ष्य जबलपुर को देश के सबसे स्वच्छ और सुंदर शहरों की श्रेणी में अग्रसर करना है। ये प्रसाधन केंद्र राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों के लिए राहत का काम करेगा।

# कचरे से बजबजाते खुले नाले फैला रहे बीमारी

▶ ज़िम्मेदारो ने साधी चुप्पी

**जबलपुर, नवभारत।** नगर निगम के महाराणा प्रताप वार्ड के धनवंतरी नगर में कचरे से बजबजाते खुले नाले पर सूखी सिल्ट की मुंडेर बन गई है। इस सिल्ट को उठाया नहीं गया है, जिससे कचरे की सिल्ट में सूखे हुआ कचरा हवा से इधर-उधर फैल रहा है। क्षेत्रीय लोग कहते हैं कि छह माह से यहां सफाई मित्र दिखाई नहीं दिया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सफाई करवाने का सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। उधर, निगम दावा कर रहा है कि वे सफाई करते हैं लेकिन निगम के दावे और हकीकत में भारी अंतर है। धनवंतरी नगर के एलआईजी में रहने वाले लोग नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था से परेशान हो चुके हैं। निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में सूचना देने के बाद



भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली और न ही सीएम हेल्प लाइन में शिकायत से उन्हें कोई मदद मिली। अब लोग निगम की व्यवस्थाओं के खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

### फैल रही बीमारियां, जिम्मेदार अनजान

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि 6 महीनों से नाले का कचरा सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जिसे सूख जाने के बावजूद उठाया नहीं गया। नाले की नियमित सफाई पूरी तरह से बंद कर दी गई। कचरे और मलबे के कारण गंदगी घरों के अंदर तक घुस रही है, जिससे क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ने से डेंगू, मलेरिया, त्वचा रोग और पेट संबंधी बीमारियां फैल रही हैं। लोग कहते हैं कि नाला पूरी तरह खुला हुआ है। इस नाले में बच्चों और राहगीरों के गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। नाले में बहाव बंद होने से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है। नगर निगम का कोई कर्मचारी सफाई के लिए आता ही नहीं। पिछले 1 साल से सड़क पर झाड़ू तक नहीं लगाई गई है। इस मामले को लेकर सीएम हेल्प लाइन में दो बार शिकायत की गई है लेकिन उसके बाद भी यहां कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

# राहुल गांधी-पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जताया विरोध

**भाजपा महिला मोर्चा और कांग्रेस का आमने-सामने जबर्दस्त प्रदर्शन**

**नवभारत,जबलपुर।** भारत मंडपम एवं इंदौर की घटना के विरोध में पुतला दहन करने रविवार को जबलपुर में भाजपा महिला मोर्चा ने उग्र प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रसल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया यह कृत्य देश को शर्मसार करने वाला है।



उन्होंने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली इस घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं और महिला मोर्चा भी पूरी मजबूती से साथ खड़ा है। इस मौके पर रसल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही बैरिकेट्स लगाकर पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया था।

### कांग्रेस को मांगनी चाहिए माफी: अश्विनी परांजपे

अश्विनी ने ये भी कहा कि जब बीते दिन भाजयुमो के कार्यकर्ता इंदौर में राजवाड़ा में प्रदर्शन कर रहे थे, तब उनको कुचलने का प्रयास कांग्रेस ने पत्थरों के माध्यम से किया। क्योंकि कांग्रेस का यह हमेशा से ही चरित्र रहा है कि जब-जब देश का अपमान हुआ है या फिर उसके विरोध की बात आती है, तो कांग्रेस यही सब करती है। कांग्रेस का यह पथराव भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर किया पथराव नहीं, बल्कि लोकतंत्र के ऊपर किया पथराव है। कांग्रेस को इसके लिए देश और देशवासियों से माफी मांगनी होगी। विदित हो कि गत दिवस भाजयुमो कार्यकर्ताओं और कांग्रेसियों के बीच बल्देवबाग चौक में भी टकराव हो गया था जब भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कहा था कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दिल्ली में एआई समिट के दौरान अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना बेहद निंदनीय है।

### कांग्रेस ने पीएम के पुतले को पहनाई साड़ी

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में रसल चौक के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के पुतले को साड़ी पहनाई और फिर पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की। हालांकि पुलिस की सख्ती के चलते भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में टकराव नहीं हो सका। प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि भाजपा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के प्रदर्शन करा रही है, जबकि देश में महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दे मौजूद हैं। उन्होंने भाजपा पर दोहरी राजनीति करने का आरोप भी लगाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे, अतुल बाजपेयी, मनीष चंसोरिया, अमरीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

# नशे में धुत कार चालक का कहर, आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त, पुलिसकर्मी समेत कई घायल

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत इनकम टैक्स चौक के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार चालक ने शराब के नशे में धुत होकर पांच वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, बल्कि दो युवकों और एक पुलिसकर्मी को भी घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के मुताबिक राहुल प्रताप सिंह (42) निवासी स्नेहनगर मदनमहल ने पुलिस को बताया कि वे बीती रात करीब 11:55 बजे अपने दोस्तों के साथ इनकम टैक्स चौक पर पान खाने रुके थे। उन्होंने अपनी कार एमपी 20 जेडपी 5560 सड़क किनारे खड़ी की थी। उनके साथ ही डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. महेंद्र बुंदेला, साहिल चौकसे और अदनान सिद्दीकी के दोपहिया वाहन भी कतार में खड़े थे।

### 40 फीट दूर तक घिसटी कार, फंसी बाइक

तेज रफ्तार क्रमांक एमपी 53 सीए 9214 ने राहुल की कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह करीब 40 फीट दूर घिसटते हुए सिंधिया पार्क की ओर जा गिरी।



इसके बाद अनियंत्रित कार ने लाइन से खड़े चार अन्य दोपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक मोटरसाइकिल कार के नीचे ही फंस गई। हादसे में राहगीर प्रहलाद (15) और साहिल चौकसे को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी कार चालक ने कुछ देर पहले ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी आदित्य कौरव को भी टक्कर मारी थी, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के प्रभाव से एमजी हेक्टर के एयरबैग भी खुल गए थे।

### नशे में धुत चालक गिरफ्तार, कार जब्त

घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़ ने कार चालक को पकड़ा, जिसकी पहचान अनुराग सोनी (30) निवासी कुडारी उमरिया थाना बरेला के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार चालक शराब के नशे में इस कदर धुत था कि उसे वाहन पर कोई नियंत्रण नहीं था। ओमती पुलिस ने राहुल प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी अनुराग सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# लेफ्ट टर्न को किया अतिक्रमण मुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** रविवार को छोटी लाइन फाटक आदिशंकराचार्य चौराहा के चारों तरफ जमे अस्थाई अतिक्रमणों , सड़क पर बढ़ाए गए अवैध अतिक्रमण, लेफ्ट टर्न के अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और आदतन अतिक्रमण कर्ताओं के समान की जब्ती भी की गई। इसी प्रकार छोटी लाइन फाटक से लेकर रामपुर चौक तक यातायात में बाधक सभी अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में अमले ने त्रिपुरी चौक चौराहे पर अतिक्रमण हटाने




की कार्यवाही की गई। धनवंतरी चौराहे पर बड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें चौराहे पर स्थित जे सी टी एस एल मेट्रो बस स्टॉप को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। और अतिक्रमणकर्ताओं के समानों की जब्ती की गई और अस्थाई तीन शेड को हटाया गया। वहीं बिजली पोल और बाउंड्री से लगाकर बनाए गए अस्थाई अतिक्रमण को जेसीबी द्वारा तोड़ कर अलग किया गया।

# जनता के द्वार पहुंचकर समस्याओं से रूबरू हो रहे निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम के आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार केवल ऑफिस में ही नहीं बल्कि जमीन पर उतरकर भी आमजनों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इसी कड़ी में निगमायुक्त अपने विशेष सफाई अभियान के तहत शहर के सघन बाजारों के साथ-साथ उन बस्तियों और संकरी गलियों में भी पहुँच रहे हैं, और समस्याओं का समाधान निकाल रहे हैं।

निगमायुक्त ने रविवार को गोविंद वल्लभ पंत वार्ड का सघन दौरा किया। उन्होंने मुख्य मार्गों के



अलावा वार्ड की उन तंग गलियों का भी बारीकी से निरीक्षण किया, जहाँ जल निकासी,साफ-सफाई , जलापूर्ति के साथ सीवर की चुनौतियां और जलापूर्ति व्यवस्था अधिक रहती हैं। पर आज स्थानीय निवासियों के लिए यह सुखद मौका था कि सुबह सुबह उनके घर के बाहर निगमायुक्त खड़े होकर उनसे सीधे संवाद कर रहे थे।

### नागरिकों से किया सीधा संवाद

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नागरिकों से सीधे चर्चा की और उनसे दो मुख्य विषयों पर फीडबैक लिया गलियों में कचरा संग्रहण और नालियों की सफाई की स्थिति,पेयजल आपूर्ति पानी के दबाव और आपूर्ति के समय को लेकर आ रही समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर समाधान निकाल कर देने निर्देश दिए।

# 6 माह में लागू हो आठवां वेतन आयोग : शिव गोपाल मिश्र

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे कर्मचारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए नई दिल्ली में डीसी जेसीएम (डिपार्टमेंटल काउंसिल एवं ज्वाइंट कंसल्टेटिव मशीनरी) की स्थायी समिति तथा आल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआइआरएफ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एआइआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने की। रेलवे बोर्ड की ओर से चेयरमैन एवं सीईओ भी मौजूद रहे। बैठक में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीअरईयू) के महामंत्री का. मुकेश गालव सहित कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर अब ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए।

### वेतन पुनरीक्षण अत्यंत आवश्यक है

एआइआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा और डबलूसीआरईयू के महामंत्री मुकेश गालव ने जोर देकर कहा कि आठवां वेतन आयोग छह माह के भीतर लागू किया जाए। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन की लागत को देखते हुए वेतन पुनरीक्षण अत्यंत आवश्यक है। कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए समयबद्ध निर्णय जरूरी है बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि आठवें वेतन आयोग के तहत न्यूनतम मूल वेतन 51,480 रुपये निर्धारित किया जाए। यूनियन प्रतिनिधियों का तर्क था कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में यह राशि कर्मचारियों के लिए उचित होगी। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और कार्यक्षमता में भी सुधार आएगा।

### वार्षिक वेतन वृद्धि भी हो सुनिश्चित

यूनियन नेताओं के मुताबिक वेतन पुनरीक्षण के साथ-साथ कर्मचारियों को देय वार्षिक वेतन वृद्धि भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वेतन आयोग लागू होने के बावजूद यदि नियमित वृद्धि नहीं होगी तो कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा।

प्रतिक्रिया

## जबलपुर में 382 करोड़ के 34 निर्माण कार्यों से चमकेगा शहर, प्रदेश सरकार के बजट की सौगातों का किया बखान

# विकसित मप्र-विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा बजट : राकेश सिंह

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश का बजट विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बजट में क्षेत्र के समग्र विकास, निवेश प्रोत्साहन और बेहतर जीवन गुणवत्ता की दिशा को साकार करने के प्रावधान किये गए हैं। सरकार के इस बजट से शहर और प्रदेश दोनों चमकेंगे। क्योंकि जबलपुर में 382 करोड़ के 34 निर्माण कार्यों को बजट में स्वीकृति दी गई है। ये सारी बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अभ्युदय मप्र बजट 2025-26 विषय पर रविवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान दी।

इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि कि मध्यप्रदेश, देश का पहला



प्रदेश है जिसने ईको-संवेदनशील ज़ोनल मास्टर प्लान बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। ओंकारेश्वर, भोजपुर, सलकनपुर, रायसेन कला, जानापाहा, भेड़ाघाट से लेकर चौंसठ योगिनी और नरसिंह कला में रोप-वे कार्य प्रस्तावित है। मतलब जल्द ही जबलपुर के भक्त अब रोप वे के माध्यम से चौंसठ योगिनी मंदिर पहुंचेंगे।

### जबलपुर सहित प्रदेश में 472 ई बसों का हो रहा संचालन

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रधान मुख्यालय के उद्देश्य से पीएम ई-बस सेवा अंतर्गत कुल 972 इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन की स्वीकृति दी गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और उज्जैन में 472 ई-बसों का संचालन हो रहा है। हरित विकास को प्रोत्साहित किए जाने हेतु मध्यप्रदेश ई-वाहन नीति 2025 प्रभावशील की गई है।

### कुछ इस तरह मिलेंगी सौगातें

लोक निर्माण मंत्री के अनुसार लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के अंतर्गत अब तक 52 लाख 29 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। इसके साथ ही योजना में 14 लाख 12 हजार बालिकाओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है। इस योजना के लिए 71,801 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। नवीन प्रस्तावित 'यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के अंतर्गत कक्षा 8 तक के प्रत्येक विद्यार्थी को अतिरिक्त पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से टेट्रा पैक में दुग्ध प्रदान किया जाएगा। प्रदेश में सड़क नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। 12,690 करोड़ सड़क मरम्मत, ग्रामीण-शहरी सड़क नेटवर्क विस्तार और कनेक्टिविटी सुधार के लिए आवंटित किया जाएगा। प्रदेश को अंतरिक्ष विज्ञान के नवीन क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए 'मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति 2026' का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। देश को टेलीकॉम क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैकरिंग जोन की स्थापना की दिशा में कार्यवाही प्रचलित है।

### ये रहे उपस्थित

पत्रकार वार्ता में महानगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, नितिन भाटिया उपस्थित थे।

# अब मिडिल बर्थ पर दिनभर नहीं सो सकेंगे यात्री

**दिन में यात्रा के नियम हुए सख्त**

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेलवे ने गर्मियों में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्लीपर और थ्री-टियर एसी कोच में बर्थ उपयोग के नियम को सख्ती से लागू कराने के निर्देश जारी किए हैं रेलवे बोर्ड के वर्ष 2017 के कमर्शियल सर्कुलर नंबर 60 के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ही मिडिल बर्थ खोलकर सोने की अनुमति है। सुबह 6 बजे के बाद हर हाल में मिडिल बर्थ नीचे करना अनिवार्य होगा, ताकि नीचे बैठे यात्रियों को असुविधा न हो।

### अक्सर होता है विवाद

रेल अफसरों के मुताबिक दिन



में मिडिल बर्थ खुली रहने से अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। इसलिए समर सीजन में टीटीई और ट्रेन स्टाफ को इस मामले में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

नियम के अनुसार साइड लोअर बर्थ पर दिन में दोनों यात्री बैठकर यात्रा कर सकते हैं, जबकि साइड अपर बर्थ पर आरक्षित यात्री भी रात 10 से सुबह 6 बजे तक ही सो सकेगा ।हालांकि, यह बर्थ नीचे की ओर नहीं खुलती है यानी फिक्स रहती है। बावजूद इसके साइड अपर बर्थ को लेकर भी नियम मिडिल बर्थ की तरह ही शक्ति से पालन कराया जाएगा।